पंजाब केसरी
Fri, 22 Aug 25

# सी.आर.एस.यू. में उद्यमिता पखवाड़े का आयोजन



कार्यक्रम में सम्मानित करते हुए।

जींद, 21 अगस्त (ललित) : चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय जींद में विश्व उद्यमिता दिवस के अवसर पर उद्यमिता पखवाड़े का आयोजन किया गया।

इसके अंतर्गत विश्वविद्यालय में 21 अगस्त से 4 नवम्बर तक स्टार्ट अप जैसे विषयों पर सभी विभागों में कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। इस 2 सप्ताह तक चलने वाले कार्यक्रम में मुख्यातिथि के तौर सी.ए. अश्वनी जैन व विशिष्ट अतिथि के तौर पर सीजन स्टार्टअप इनक्यूबेटर्स के प्रोजेक्ट हैड कपिल मदान ने शिरकत की।

विश्वविद्यालय की कुलसचिव प्रो. लवलीन मोहन ने कार्यक्रम में सभी का स्वागत करते हुए कहा कि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफैसर रामपाल सैनी के नेतृत्व में विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों द्वारा उद्यमिता के विषय पर विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा, जिनका उद्देश्य विद्यार्थियों में आत्मनिर्भरता, नवाचार एवं स्टार्टअप संस्कृति को बढ़ावा देना है और राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को भी बनाने का विजन यही है कि विद्यार्थी एक विषय पर निर्भर न रहें वह अन्य विषय से जुड़कर भी कौशल का विकास कर सकता है।

उन्होंने कहा कि उद्यमिता केवल आर्थिक सशक्तिकरण का साधन ही नहीं है, बल्कि सामाजिक परिवर्तन का भी मजबूत आधार है। सी.ए. अश्वनी जैन ने कहा कि एक अच्छा उद्योगपति बनने के लिए आपके अंदर पैशन और अपने सपने को पूरा करने की रूचि होनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि आज के दौर में हमारे अंदर स्किल का होना बहुत जरूरी है। आज राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 पर भी केंद्र सरकार कार्य कर रही है, जिसमें थ्यौरी से ज्यादा प्रैक्टीकल पर फोकस करने की बात की जा रही है। अगर आप को उद्योगपति बनना है तो आपको समस्या का नए तरीके से समाधान खोजने की तरफ आगे बढ़ना पड़ेगा और भारत में बहुत सारे अवसर उद्योग के क्षेत्र में मौजूद हैं और उन्होंने नौकरी लेने वाले की जगह नौकरी देने वाले बनने की अपील बच्चों से की।

कपिल मदान ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज हम प्रतिस्पर्धा के दौर में खड़े हैं और भारत तेजी से आगे बढ़ रहा है। भारत को विकसित बनाने में स्किल इंडिया महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाला है।

उन्होंने कहा कि जीवन में कामयाब होने के लिए अच्छा सलाहकार भी आपके पास होना बहुत जरूरी है जो गुरु और माता-पिता के रूप में हमारे पास है।

आज हम महाभारत के अर्जुन के पास अगर भगवान कृष्ण सलाहकार के रूप में न होते तो वह युद्ध जीत नहीं सकते थे।

उन्होंने अपने आपको श्रीकृष्ण को समर्पित कर दिया आप भी अपना विजन बनाकर सही सलाहकार चुनें और अपने सपने को पूर्ण करने की तरफ कदम बढ़ाए। मदान ने विद्यार्थियों को उद्योग स्थापित करने के लिए अभि प्रेरित किया।

दैनिक भास्कर
ई-पेपर



# स्टार्टअप संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए किया प्रेरित



जींद. सीआरएसयू में आयोजित कार्यक्रम में संबोधित करते हुए।

भास्कर न्यूज़ | जींद

सीआरएसयू में विश्व उद्यमिता दिवस के अवसर पर उद्यमिता पखवाड़े का आयोजन किया। इसके अंतर्गत विश्वविद्यालय में 21 अगस्त से 4 नवंबर तक स्टार्ट अप जैसे विषयों पर सभी विभागों में कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। इस दो सप्ताह तक चलने वाले कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर सीए अश्वनी जैन व विशिष्ट अतिथि के तौर पर सिरीजन स्टार्टअप इनक्यूबेटर्स के प्रोजेक्ट हेड कपिल मदान ने शिरकत की।

कुलसचिव प्रो. लवलीन मोहन ने कहा कि विवि के कुलपति प्रो. रामपाल सैनी के नेतृत्व में विवि के विभिन्न विभागों द्वारा उद्यमिता के विषय पर विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। जिनका उद्देश्य विद्यार्थियों में आत्मनिर्भरता, नवाचार एवं स्टार्टअप संस्कृति को बढ़ावा देना है और राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को भी बनाने का विजन यही है कि विद्यार्थी एक विषय पर निर्भर ना रहे वह अन्य विषय से जुड़कर भी कौशल का विकास कर सकता है।

उन्होंने कहा उद्यमिता केवल आर्थिक सशक्तिकरण का साधन ही नहीं है, बल्कि सामाजिक परिवर्तन का भी मजबूत आधार है। डॉ. अजमेर सिंह ने कहा कि उद्यमिता पखवाड़े के अंतर्गत विशेषज्ञ व्याख्यान, कार्यशालाएं, पैनल चर्चाएं, प्रतियोगिताएं, प्रदर्शनी एवं इंटरेक्टिव सत्र अगले दो सप्ताह में विश्वविद्यालय में आयोजित किए जाएंगे। ऐसे आयोजनों से विद्यार्थियों को न केवल उद्यमिता के क्षेत्र में नई संभावनाओं की जानकारी मिलेगी, बल्कि वे आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में भी योगदान देने के लिए प्रेरित होंगे।

दैनिक सवेरा टाइम्स
Fri, 22 Aug 25

# आधुनिकता के इस दौर में स्किल की तरफ बढ़ें विद्यार्थी : अश्वनी जैन

## सीआरएसयू में उद्यमिता पखवाड़े का हुआ आयोजन

सवेरा न्यूज/नरेंद्र



सीआरएसयू में उद्यमिता पखवाड़े का हुआ आयोजन।

जींद, 21 अगस्त : चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय में विश्व उद्यमिता दिवस के अवसर पर उद्यमिता पखवाडे का आयोजन किया गया। इसके अंतर्गत विश्वविद्यालय में 21 अगस्त से 4 नवंबर तक स्टार्ट अप जैसे विषयों पर सभी विभागों में कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। इस दो सप्ताह तक चलने वाले कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर सी.ए. अश्वनी जैन व विशिष्ट अतिथि के तौर पर सरीजन स्टार्टअप इनक्यूबेटर्स के प्रोजेक्ट हेड कपिल मदान ने शिरकत की। विश्वविद्यालय की कुलसचिव प्रो. लवलीन मोहन ने कार्यक्रम में सभी का स्वागत करते हुए कहा कि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर रामपाल सैनी के नेतृत्व में विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों द्वारा उद्यमिता के विषय पर विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। सीए अश्वनी जैन ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा एक अच्छा उद्योगपति बनने के लिए और अपने सपने को पूरा करने की रुचि होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि आज के दौर में हमारे अंदर स्किल का होना बहुत जरूरी है। आज राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 पर भी केंद्र सरकार कार्य कर रही है जिसमें थ्योरी से ज्यादा प्रैक्टिकल पर फोकस करने की बात की जा रही है। कपिल मदान ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा हम आज प्रतिस्पर्धा के दौर में खड़े हैं और भारत तेजी से आगे बढ़ रहा है। भारत को विकसित बनाने में स्किल इंडिया महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाला है। उन्होंने कहा कि जीवन में कामयाब होने के लिए अच्छा सलाहकार भी आपके पास होना बहुत जरूरी है जो गुरु और माता-पिता के रूप में हमारे पास है। आज हम महाभारत के अर्जुन के पास अगर भगवान कृष्ण सलाहकार के रूप में न होते तो वो युद्ध जीत नहीं सकते थे। इस अवसर पर उन्होंने सभी विद्यार्थियों एवं अध्यापकों से अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने का आह्वान किया।